सिस्टएडेनोमा (Cystadenoma)

रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।

यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि सिस्टएडेनोमा क्या है, आपको किन जाँचों की आवश्यकता है और अगर इस बीमारी का पता लगता है तो आपपे और आपके बच्चे पर क्या प्रभाव होता है।

सिस्टएडेनोमा क्या है?

सिस्टएडेनोमा एपिथेलियम से उत्पन्न होने वाले सौम्य अंडाशय ट्यूमर है। इसके दो मुख्य प्रकार सीरस और म्यूसिनस हैं। ये ट्यूमर किसी भी उम्र के वयस्कों में होते हैं, (औसत आयु 20 से 60 वर्ष है)।

इसका लक्षण क्या हैं?

लक्षण और संकेत विशेष नहीं हैं और यह ट्यूमर के आकार और स्थान पर निर्भर करता है। इसके लक्षण पेट दर्द, बेचैनी और सूजन हो सकता है। हालांकि, अधिकांश रोगी बिना किसी लक्षण के होते हैं और 1-3 सेमी वाले ट्यूमर का पता आमतौर पर आकस्मिक रूप से चलता है।

मुझे और क्या परीक्षण करवाना चाहिए?

ज्यादातर मामलों में, सिस्टएडेनोमा का पता नियमित ट्रांसवेजिनल अल्ट्रासाउंड के दौरान आकस्मिक रूप से चलता है। एडनेक्सल गाँठ वाले रोगियों में अल्ट्रासाउंड इमेजिंग की पहली विधि है। एमआरआई इमेजिंग केवल तभी कराया जाता है जब अल्ट्रासाउंड जाँच अनिर्णायक होती है।

सबसे अच्छा इलाज क्या है?

जब गाँठ बड़ा हो, या रोगी में लक्षण उत्पन्न कर रहा हो तो उस स्तिथि में सर्जरी उपयुक्त उपचार है । सिस्टएडेनोमा का इलाज फॉलो अप अल्ट्रासाउंड के द्वारा भी किया जा सकता है। सर्जिकल उपचार में सिस्टेक्टॉमी (सिस्ट को हटाना) या एडनेक्सक्टोमी (अंडाशय और फैलोपियन ट्यूब को हटाना) शामिल है और यह रोगी की उम्र और प्रजनन क्षमता को बचाने की इच्छा पर निर्भर करता है।

इसका प्रोग्नोसिस कैसा है?

सभी सिस्टएडेनोमा सौम्य ट्यूमर हैं, और इसका प्रोग्नोसिस उत्कृष्ट है, हालांकि ये दोबारा हो सकता है। इसलिए, जिन रोगियों की सिस्टएडेनोमा के लिए सर्जरी हुई है उनको अल्ट्रासाउंड जाँच के साथ फॉलो करने की सलाह दी जाती है ।

मुझे और क्या प्रश्न पूछने चाहिए?

- मेरी हालत के लिए सबसे अच्छा इलाज क्या है?
- क्या मैं सर्जरी के बाद गर्भवती हो पाऊंगी?
- उपचार के बाद मुझे किस फॉलो-अप की आवश्यकता होगी?

Last updated 2024